आकाशवाणी शिमला

05.10.2024 / प्रादेशिक समाचार / 1800बजे

किसान सम्मान

प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की 18वीं किश्त आज जारी कर दी गई है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज किसान सम्मान निधि की किश्त को महाराष्ट्र के वाशिम से जारी किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि देशभर में 9 करोड़ 4 लाख से अधिक किसानों को 20 हज़ार करोड़ रूपए से अधिक की राशि का प्रत्यक्ष वित्तीय लाभ मिला है। केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान भी इस दौरान मौजूद रहे। इससे पहले प्रधानमंत्री ने करीब 23 हज़ार 3 सौ करोड़ रूपए की कई विकास परियोजनाओं का शुभारम्भ भी किया।

खादी उत्पाद

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने खादी की बिक्री के नए रिकॉर्ड को उत्साहजनक उपलब्धि बताया है। उन्होंने एक सोशल मीडिया पोस्ट में देशवासियों के बीच स्वदेशी के प्रति तेजी से बढ़ते रुझान को रेखांकित किया। खादी इंडिया ने रिकॉर्ड बिक्री हासिल की है। गांधी जयंती के अवसर पर नई दिल्ली के खादी भवन में एक ही दिन में 2 करोड़ 1 लाख 37 हजार रुपये के उत्पाद बेचे गए।

जे पी नड्‌डा

भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष व केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री जगत प्रकाश नडडा प्रदेश के दो दिवसीय दौरे पर है। अपने दौरे के दूसरे दिन उन्होंने आज सिरमौर ज़िला मुख्यालय नाहन में भाजपा के नवनिर्मित कार्यालय का शुभारम्भ किया। इससे पहले, नाहन पहुंचने पर पार्टी कार्यकर्ताओं ने जगत प्रकाश नड्‌डा का स्वागत किया। विपक्ष के नेता व पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर, प्रदेश भाजपा अध्यक्ष राजीव बिंदल और सांसद सुरेश कश्यप समेत पार्टी के अन्य नेता इस दौरान मौजूद रहे।

मस्जिद

शिमला नगर निगम कोर्ट ने संजौली मस्जिद के अवैध निर्माण को तोड़ने के निर्देश दिए हैं। नगर निगम कोर्ट में आज हुई सुनवाई के तहत विवादित मस्जिद की दूसरी, तीसरी और चौथी मंज़िल को गिराया जाएगा। कोर्ट ने अवैध निर्माण को दो महीने के भीतर तोड़ने को कहा है। मामले की अगली सुनवाई 21 दिसम्बर को तय की गई है।

राजस्व मंत्री

राजस्व मंत्री जगत सिंह नेगी ने राज्य सरकार की सामाजिक सरोकार की योजनाओं का लाभ पात्र लोगों तक पहुंचाने के अधिकारियों को निर्देश दिए हैं। रिकांगपिओ में आज एक बैठक में उन्होंने इन योजनाओं का व्यापक प्रचार—प्रसार करने पर भी बल दिया ताकि हर वर्ग इनसे लाभान्वित हो सके। जगत सिंह नेगी ने राज्य सरकार की विभिन्न योजनाओं की समीक्षा भी की।

बयान

उद्योग मंत्री हर्षवर्धन चौहान और लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने भाजपा पर केन्द्र से प्रदेश को मिलने वाली राशि को रूकवाने का आरोप लगाया है। एक संयुक्त बयान में उन्होंने कहा कि जबसे राज्य सरकार ने कर्मचारियों को पुरानी पैंशन का लाभ दिया है, तभी से भाजपा नेता कांग्रेस सरकार और मुख्यमंत्री सुखविन्दर सिंह सुक्खू के खिलाफ षड्यंत्र रच रहे हैं। इन नेताओं ने आरोप लगाया कि प्रदेश में आई भयंकर आपदा में भी भाजपा ने केवल राजनीति की है और केन्द्र की ओर से प्रदेश को कोई मदद नहीं मिली। वहीं उपमुख्य सचेतक केवल सिंह पठानिया ने भी एक बयान में कहा कि भाजपा कांग्रेस के खिलाफ कई तरह की अफवाहें फैला रही है, जबकि सच्चाई ये है कि प्रदेश आत्मनिर्भरता की ओर तेजी से बढ़ रहा है।

रैली

वन्य प्राणी सप्ताह के तहत राजधानी शिमला में ढली के समीप कैचमेंट ऐरिया से साईकिल जागरूकता रैली को ग्रामीण विकास मंत्री अनिरूद्ध सिंह ने आज हरी झण्डी दिखाई। उन्होंने कहा कि पर्यावरण को बचाना आज के समय में बेहद ज़रूरी है और पर्यावरण संरक्षण के उद्देश्य से ही साईकिल रैली आयोजित की गई है। उन्होंने सभी से इस तरह की गतिविधियों को दिनचर्या का हिस्सा बनाने का आग्रह किया। अनिरूद्ध सिंह ने कहा कि साइकिल चलाना पर्यावरण संरक्षण के साथ—साथ स्वास्थ्य के लिए भी बेहद लाभकारी है।

नवरात्रे

शारदीय नवऱात्रों के तीसरे दिन आज मां दुर्गा के चंद्रघंटा स्वरूप की पूजा अर्चना की जा रही है। मां चंद्रघंटा नाद के साथ शांति का संदेश देती है। प्रदेश के सभी शक्तिपीठों सहित सभी मंदिरों में मां की आराधना के लिए भक्तों की भीड़ उमड़ रही है और माहौल भक्तिमय बना हुआ है।

शुभारम्भ

सोलन में 'मेरी पॉलिसी मेरे हाथ' कार्यक्रम का शुभारंभ कृषि उप–निदेशक देव राज कश्यप ने किया। उन्होंने बताया कि यह कार्यक्रम पूरे देश में केन्द्र सरकार के तत्त्वावधान में 'प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना' के अन्तर्गत किया जा रहा है। इस कार्यक्रम में लगभग 50 किसानों को पॉलिसी वितरित की गई। कृषि उप–निदेशक ने इस अवसर पर प्रधान मंत्री फसल बीमा योजना और पुनर्गठित मौसम आधारित फसल बीमा योजना की विस्तृत जानकारी उपस्थित किसानों को दी। उन्होंने कहा कि अधिक से अधिक किसान इस योजना से जुड़कर लाभ अर्जित कर सकते हैं।

———————————————————————————————